HN1101

47/400/2017

FIRST TERMINAL EVALUATION 2017-2018

THIRD LANGUAGE

Std . X **HINDI** Score : 40
Time : 1 ½ hrs

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

1. 'उसके' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)
   (मैं, यह, वह)

2. बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी। क्यों? (1)
   क) बालों में पंजा फँसाने से दर्द हुआ।
   ख) साहिल के सामने माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।
   ग) माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।

3. कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं? (2)

सूचना : 4 से 6 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखें। (2x4=8)

4. साहिल और बेला अलग-अलग स्कूलों में जाते हैं। इसपर बेला बहुत दुखी है। वह अपने विचारों को डायरी में लिखती है। बेला के उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखें।

5. साहिल और बेला अच्छे दोस्त हैं। उसी प्रकार अपनी किसी दोस्ती की याद पर टिप्पणी लिखें।

6. बीरबहूटियों का वर्णन करते हुए साहिल ने अपने मित्र विशाल के नाम पत्र लिखा। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 7 से 8 तक के प्रश्नों से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर लिखें।

साहिल और बेला छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। (1x4=4)

"साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा।

"और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

"मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?"

"मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

7. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

8. साहिल और बेला बहुत दुखी देख रहे थे। क्यों?

सूचना : यह कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

खुशबू केवल फूल-फूल में
रहनेवाली चीज़ नहीं है।
खुशबू केवल बगीचों में
बहनेवाली चीज़ नहीं है।

खुशबू है व्यवहार प्यार का
जिसकी बड़ी ज़रूरत भाई।
इसके कारण सुंदर लगती
कैसी भी हो सूरत भाई।।

(खुशबू - സുഗന്ധം, sweet smell)

9. किसके कारण सभी वस्तुएँ सुंदर लगती हैं? (1)

10. निम्नलिखित आशयवाली दो पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। (2)
खुशबू स्नेह का व्यवहार है। इसकी बड़ी आवश्यकता है।

11. समानार्थी शब्द कवितांश से पहचानकर लिखें। (1)
रूप

सूचना : सही मिलान करें। (4)

12.

चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें	टूटा पहिया
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें	ऊँट बनाम रेलगाड़ी
सवारी सहित ऊँटों के दल को रवाना कर दें	हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
मनुष्य की निराशा को जानें	बीरबहूटी

13. **संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।** (1)
हमने शूटिंग का सारा इंतज़ाम कर ली थी।

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

प्रश्न 16 विकल्प है।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

14. 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है? (1)
(विश्वमानव, लघुमानव, महामानव)

15. इन पंक्तियों द्वारा कवि धर्मवीर भारती क्या बताना चाहते हैं? (3)

16. (क) कवितांश की प्रासंगिकता पर **टिप्पणी** लिखें। (1x4=4)

अथवा

- **कवितांश पढ़ें।**

तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

(ख) कवि ने उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा वर्तमान समय की चर्चा की है। इसपर **अपना मत** लिखें।

17. 'जानना', 'नहीं जानना' इन शब्दों की लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं? 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ के आधार पर लिखें। (3)

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और 19 से 20 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

असल में स्टोकर बाबू शूटिंग देखने के लिए इतने उत्सुक थे कि बॉयलर में कोयला डालना ही भूल गए थे। धुआँ कहाँ से निकलता? इस बार कोयला देना ही होगा। अब अगर गलती हुई तो सुधार की गुँजाइश न रहेगी क्योंकि तब तक सूरज ढल चुका होगा।

18. 'धुआँ' शब्द के बदले 'हवा' शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखें। (1)
धुआँ कहाँ से निकलता?

19. स्टोकर बाबू और सत्यजीत राय के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें। (3)